**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1833**
**16 दिसंबर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**ब्लड बैंक**

**1833. श्री मद्दीला गुरूमूर्ति:**
**श्री विजय बघेल:**
**श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे:**
**श्री अरुण साव:**
**श्री अदला प्रभाकर रेड्डी:**
**श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर:**
**श्री सुनील कुमार सोनी:**
**श्री सुनील कुमार सिंह:**
**श्री मोहन मंडावी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार अपने ब्लड बैंकों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत राज्यों को कोई सहायता प्रदान करती है/करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो देश में मौजूद लाइसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या अपर्याप्त अवसंरचना के बारे में ऐसा कोई मामला सामने आया है जिससे रक्त के भंडारण में समस्या हुई है और यदि हां, तो ऐसे ब्लड बैंकों में आवश्यक रक्त का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान एनएचएम के तहत देश में मजबूत/उन्नत किए गए ब्लड बैंकों का छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) उक्त अवधि के दौरान छत्तीसगढ़, झारखण्ड, महाराष्ट्र, राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में रक्त संग्रह और परिवहन के लिए प्रदान की गई मोबाइल वैनों की संख्या कितनी है; और

(च) देश भर में रक्तदान और रक्त-आधान की आवश्यकता के बारे में जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (ग): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को ब्लड सेवाओं सहित अपनी जन स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के रूप में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत सरकार मानकों और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार रिकॉर्ड ऑफ प्रोसीडिंग्स (आरओपी) के रूप

में प्रस्तावों के लिए अनुमोदन प्रदान करती है। सरकारी क्षेत्र में ब्लड बैंकों के लिए सहायता भी राज्य के प्रस्तावों के अनुसार प्रदान की जाती है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में लाइसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों की संख्या का ब्यौरा **अनुलग्नक 'क'** में दिया गया है।

(घ) और (ङ): विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 1208 ब्लड बैंकों, 1514 रक्त भंडारण इकाईयों और 229 रक्त संग्रहण परिवहन वाहनों (बीसीटीवी) को एनएचएम के तहत सहायता दी गई है। जिनका ब्यौरा अनुलग्नक 'ख' में दिया गया है। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों को दी गई सहायता का राज्य-वार ब्यौरा निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है:

https://nhm.gov.in/index1.php?lang=1&level=1&sublinkid=1377&lid=744

(च): राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को रक्त संग्रहण और परिवहन वाहनों के लिए दी गई सहायता के अलावा "जागरूकता के लिए आईईसी क्रियाकलापों" के लिए भी सहायता दी जाती है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने ई-रक्त कोष पोर्टल भी शुरू किया है जो कि एकीकृत ब्लड बैंक प्रबंधन सूचना प्रणाली है जो रक्तदाता पंजीकरण, किसी एनजीओ द्वारा शिविर पंजीकरण, ब्लड बैंक द्वारा शिविर अनुमोदन, रक्तदान की अद्यतन जानकारियां और रक्तदाता प्रमाण-पत्र सृजन के कार्यों में सहायता करती है। यह पोर्टल दान किए गए रक्त और जारी की गई रक्त-इकाईयों का ब्यौरा अपलोड करने के लिए किसी भी पंजीकृत ब्लड बैंक द्वारा खोला जा सकता है।

अनुलग्नक-क

**भारत में लाइसेंस प्राप्त रक्त केंद्रों की 30 नवंबर, 2022 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य का नाम | कुल |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 03 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 213 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 12 |
| 4 | असम | 82 |
| 5 | बिहार | 108 |
| 6 | चंडीगढ़ | 04 |
| 7 | छत्तीसगढ | 121 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 03 |
| 09 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 79 |
| 10 | गोवा | 05 |
| 11 | गुजरात | 178 |
| 12 | हरियाणा | 141 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 24 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 42 |
| 15 | लद्दाख | 03 |
| 16 | झारखंड | 64 |
| 17 | कर्नाटक | 260 |
| 18 | केरल | 196 |
| 19 | लक्षद्वीप | 01 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 159 |
| 21 | महाराष्ट्र | 364 |
| 22 | मणिपुर | 6 |
| 23 | मेघालय | 10 |
| 24 | मिजोरम | 11 |
| 25 | नगालैंड | 06 |
| 26 | ओड़िशा | 82 |
| 27 | पुदुच्चेरी | 17 |
| 28 | पंजाब | 167 |
| 29 | राजस्थान | 218 |
| 30 | सिक्किम | 06 |
| 31 | तमिलनाडु | 335 |
| 32 | तेलंगाना | 262 |
| 33 | त्रिपुरा | 14 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 464 |
| 35 | उत्तराखंड | 56 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 150 |

अनुलग्नक-ख

**एनएचएम के तहत सहायता प्राप्त ब्लड बैंकों/सरकारी रक्त भंडारण इकाईयों/रक्त वाहनों की राज्य-वार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य | सरकारी ब्लड बैंक | सरकारी रक्त भंडारण इकाई | रक्त वाहन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | - | - |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 41 | 98 | 13 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 10 | 1 | 2 |
| 4. | असम | 33 | - | 5 |
| 5. | बिहार | 48 | 56 | - |
| 6. | चंडीगढ़ | 3 | 2 | - |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 37 | 32 | 7 |
| 8. | दादरा और नगर हवेली दमन और दीव | 2 | - | - |
| 9. | दिल्ली | 22 | - | - |
| 10. | गोवा | 3 | - | 2 |
| 11. | गुजरात | 30 | 140 | 15 |
| 12. | हरियाणा | 31 | - | - |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | 20 | - | - |
| 14. | जम्मू और कश्मीर | 37 | 24 | 2 |
| 15. | झारखंड | 32 | 36 | 4 |
| 16. | कर्नाटक | 54 | 159 | 15 |
| 17. | केरल | 44 | 56 | - |
| 18. | लद्दाख | 3 | - | - |
| 19. | लक्षद्वीप | 1 | - | - |
| 20. | मध्य प्रदेश | 63 | 97 | 52 |
| 21. | महाराष्ट्र | 76 | 147 | 6 |
| 22. | मणिपुर | 5 | 5 | 1 |
| 23. | मेघालय | 9 | 9 | 3 |
| 24. | मिजोरम | 9 | 3 | 1 |
| 25. | नगालैंड | 10 | 2 | - |
| 26. | ओड़िशा | 59 | 44 | 11 |
| 27. | पुदुच्चेरी | 5 | 1 | - |
| 28. | पंजाब | 48 | 50 | 4 |
| 29. | राजस्थान | 62 | 127 | 15 |
| 30. | सिक्किम | 5 | - | - |
| 31. | तमिलनाडु | 108 | 282 | 20 |
| 32. | तेलंगाना | 58 | 25 | 20 |
| 33. | त्रिपुरा | 12 | 7 | 3 |
| 34. | उत्तराखंड | 26 | 15 | - |
| 35. | उत्तर प्रदेश | 110 | 41 | 18 |
| 36. | पश्चिम बंगाल | 91 | 55 | - |